# लोटस पेटल कन्सल्टेन्ट एण्ड सर्विसेज प्रायवेट लिमिटेड

( CIN U78300CT2025PTC018669 )

OFFICE : Q.NO. P3C-527, SECTOR-27, ATAL NAGAR NAVA RAIPUR (CHHATTISGARH) PIN 492018 INDIA
Website - WWW.LOTUSPETALCS.COM, Email ID - lotuspetalcs2025@gmail.com, Mob.No.- 7647842096


Letter No./LPCS/Adv/2026/06 Dated 19-03-2026

## नियुक्ति हेतु नियम शर्ते एवं चयन प्रक्रिया

| | | |
|---|---|---|
| 01. | आवेदन का तरीका | नियुक्ति हेतु आवेदन केवल ऑनलाईन माध्यम से दिनांक 23.03.2026 से 22.04.2026 दिन बुधवार रात्रि 11.59 बजे तक स्वीकार किये जायेंगे। |
| 02. | आवेदन शुल्क | 1. विज्ञापित समस्त पदों हेतु आवेदन शुल्क रूपये 500/– (जीएसटी अतिरिक्त) लोटस पेटल कन्सल्टेन्ट एण्ड सर्विसेज प्रायवेट लिमिटेड के पक्ष में ऑनलाईन भुगतान करना होगा।<br>2. एक से अधिक पदों पर आवेदन करने पर आवेदन शुल्क पृथक–पृथक भुगतान करना होगा व पेयमेन्ट का स्क्रीनशॉर्ट अपलोड करना अनिवार्य होगा।<br>3. आवेदन शुल्क वापसी योग्य नहीं होगी। |
| 03. | पात्रता की शर्ते | 1. आवेदन पत्र लोटस पेटल कन्सल्टेन्ट एण्ड सर्विसेज प्रायवेट लिमिटेड की वेबसाईट **WWW.LOTUSPETALCS.COM** में आवश्यक प्रविष्टि किया जाना अनिवार्य है।<br>2. प्रत्येक आवेदक को चाहिए कि वे विज्ञापन में दिये गये निर्देशों तथा आवेदन में दिये सभी खानों को भली–भांति प्रकार से देखकर अत्यन्त सावधानी पूर्वक सही और पूरी जानकारी भरे। यदि आवेदन में कोई जानकारी अपूर्ण अथवा त्रुटिपूर्ण दी जाती है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी आवेदक की होगी तथा त्रुटि या अपूर्णता के आधार पर आवेदक को बिना पूर्व सूचना दिये आवेदन पत्र चयन के किसी भी स्तर पर निरस्त किया जा सकेगा। ऑनलाईन आवेदन में गलत जानकारी भरने, अन्य त्रुटि होने पर लोटस पेटल कन्सल्टेन्ट एण्ड सर्विसेज प्रायवेट लिमिटेड चयन के किसी भी स्तर में आवेदक की उम्मीद्वारी निरस्त कर सकेगा और आवश्यक सम्यक निर्णय ले सकेगा।<br>3. आवेदक को जॉब सीकर सर्विसेज में पंजीकरण होना एवं ऑनलाईन आवेदन करते समय चाही गई प्रमाण पत्र अपलोड करना अनिवार्य है।<br>4. पात्रता के संबंध में नियुक्ति प्राधिकारी का विनिश्चय अंतिम होगा। |
| 04. | आयु सीमा | 1. आवेदक की दिनांक 01.01.2026 को न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष होनी चाहिए।<br>2. छत्तीसगढ़ राज्य के स्थायी/ अस्थायी/ अनुबंधित कर्मचारियों द्वारा आवेदन करने पर अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट होगी।<br>3. महिला उम्मीद्वार को अधिकतम आयु में 10 वर्ष की छूट होगी।<br>4. छत्तीसगढ़ राज्य के निगम/ मण्डल/ संघ/ आयोग/ कंपनी/ उद्योग/ वि.वि. इत्यादि के स्थायी/ अस्थायी/ अनुबंध कर्मचारियों द्वारा ऑनलाईन आवेदन करने पर उतने वर्ष की छूट प्रदान की जावेगी जितने वर्ष उसने सेवा की है। परन्तु समस्त आयु को जोड़ने पर उम्र 45 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। उक्त हेतु अनुभव प्रमाण पत्र व अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।<br>5. समस्त छूटों को मिलाकर अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी। आयु की पुष्टि मूल अभिलेखों से परीक्षण के दौरान 10वीं की मार्कशीट एवं चतुर्थ श्रेणी पद हेतु 5 वीं अथवा 8 वीं अंकसूची के आधार पर की जावेगी। |

<table>
<tr><td>05.</td><td>नियुक्ति हेतु अपात्रता</td><td>
क) कोई भी पुरूष अभ्यर्थी, जिसकी एक से अधिक पत्नियां जीवित हो, और कोई भी महिला अभ्यर्थी जिसने ऐसे व्यक्ति से विवाह किया हो, जिसकी पहले से ही एक पत्नी जीवित हो, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा/नहीं होगी। परन्तु यदि शासन का इस बात से समाधान हो जाये कि ऐसा करने के विशेष कारण है, तो वह ऐसे अभ्यर्थी को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगा।<br>
ख) कोई भी अभ्यर्थी किसी सेवा या पद पर तब तक नियुक्त नहीं किया जायेगा, जब तक उसे ऐसी स्वास्थ्य परीक्षण में, जो विहित की जाये, मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ और सेवा या पद के कर्तव्य के पालन में बाधा डाल सकने में किसी मानसिक या शारीरिक दोष से मुक्त ना पाया जाये। परन्तु अपवादिक मामलों में किसी अभ्यर्थी को उसकी स्वास्थ्य परीक्षण के पूर्व किसी सेवा या पद पर इस शर्त की अध्ययीन अस्थायी रूप से नियुक्त किया जा सकेगा कि यदि उसके स्वास्थ्य की दृष्टि से अयोग्य पाया जाये, तो उसकी सेवांए तत्काल समाप्त की जा सकेगी।<br>
ग) कोई भी अभ्यर्थी किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिये उस स्थिति में पात्र नहीं होगा, यदि ऐसी जांच के बाद जैसे कि आवश्यक समझी जाये, नियुक्ति प्राधिकारी/अधिकारी का इस बात से समाधान हो जाये कि वह सेवा या पद के लिए किसी दृष्टि से उपयुक्त नहीं है।<br>
घ) कोई भी अभ्यर्थी जिसे महिलाओं के विरूद्ध किसी अपराध का सिद्ध दोष ठहराया गया हो, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा।<br>
ड) कोई भी अभ्यर्थी जिसने विवाह के लिये नियत की गयी न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा।<br>
च) ऐसे अभ्यर्थी जो किसी राजनैतिक पद पर हो अथवा त्याग पत्र नहीं दिया गया हो अथवा अनापत्ति प्रमाण अप्राप्त हो।
</td></tr>
<tr><td>06.</td><td>चयन प्रक्रिया</td><td>
क) योग्य उम्मीद्वारों का चयन प्रक्रिया हेतु अधिकृत प्राधिकारी द्वारा पात्र आवेदन का सूची तैयार की जावेगी।<br>
ख) पदवार चयन प्रक्रिया के लिए पदनाम सहित शैक्षणिक योग्यता का विवरण।
<table>
<tr><th>स.क्र.</th><th>पदनाम</th><th>पद संख्या</th><th>विवरण</th></tr>
<tr><td>1</td><td>रोजगार सलाहकार व प्रशिक्षु अधिकारी</td><td>01</td><td>(1) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से B.Com, BBA, BA, BMS एवं Human Resources में स्नातक उत्तीर्ण हो।<br>(2) किसी मान्यता प्राप्त संस्था से एक वर्षीय कम्प्यूटर कोर्स उत्तीर्ण व कौशल दक्षता हो।<br>(3) हिन्दी, अंग्रेजी भाषा व स्थानीय बोली का ज्ञान होना अनिवार्य है।</td></tr>
<tr><td>2</td><td>कृषि सलाहकार व प्रशिक्षु अधिकारी</td><td>01</td><td>(1) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कृषि B.Sc. Agriculture, बागवानी Horticulture, वानिकी Forestry या कृषि इंजीनियरिंग में स्नातक उत्तीर्ण हो।<br>(2) किसी मान्यता प्राप्त संस्था से एक वर्षीय कम्प्यूटर कोर्स व कौशल दक्षता।</td></tr>
</table>
</td></tr>
</table>

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | (3) हिन्दी, अंग्रेजी भाषा व स्थानीय बोली का ज्ञान होना अनिवार्य है।<br>(4) कार्य अनुभव को विशेष प्राथमिकता। |
| | | 3 | कम्पनी स्टॉफ ऑफिसर | 01 | (1) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नाकोत्तर की डिग्री उत्तीर्ण हो।<br>(2) किसी मान्यता प्राप्त संस्था से एक वर्षीय कम्प्यूटर कोर्स व कौशल दक्षता।<br>(3) हिन्दी, अंग्रेजी भाषा व स्थानीय बोली का ज्ञान हो।<br>(4) कार्य अनुभव को विशेष प्राथमिकता। |
| | | 4 | कम्पनी संभाग नियंत्रण अधिकारी | 05 | (1) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री उत्तीर्ण हो।<br>(2) किसी मान्यता प्राप्त संस्था से एक वर्षीय कम्प्यूटर कोर्स उत्तीर्ण व कौशल दक्षता।<br>(3) हिन्दी, अंग्रेजी भाषा व स्थानीय बोली का ज्ञान होना अनिवार्य है। |
| | | 5 | सहायक प्रोग्रामर सह वेब डेवलपर | 01 | (1) कम्प्यूटर साईंस में बी.ई./ बी.टेक/ एम. सी.ए. उत्तीर्ण हो।<br>(2) तकनीकी कौशल, वेब मानकों, इंटरफेस डिजाइन (UI/UX) और कोडिंग (HTML, CSS, Java-Script, PHP, MySQL) की गहरी समझ हो।<br>(3) कार्य अनुभव को विशेष प्राथमिकता। |
| | | 6 | कम्पनी जिला समन्वय अधिकारी | 33 | (1) मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण।<br>(2) किसी मान्यता प्राप्त संस्था से एक वर्षीय कम्प्यूटर कोर्स उत्तीर्ण व कौशल दक्षता और मोबाईल आधारित ऐप संचालन ज्ञान हो।<br>(3) हिन्दी, अंग्रेजी भाषा व स्थानीय बोली का ज्ञान होना अनिवार्य है।<br>(4) दोपहिया वाहन संचालन और वैध ड्राइविंग लाइसेंस होना अनिवार्य है। |
| | | 7 | कम्पनी ब्लॉक सर्वेयर (डाटा संग्रहण व प्रचारक) | 146 | (1) मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण।<br>(2) कम्प्यूटर संचालन ज्ञान व मोबाईल आधारित ऐप संचालन ज्ञान अनिवार्य है।<br>(3) हिन्दी, अंग्रेजी भाषा व स्थानीय बोली का ज्ञान होना अनिवार्य है। |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | (4) दोपहिया वाहन संचालन और वैध ड्राइविंग लाइसेंस होना अनिवार्य है। |
| | | 8 | डिजिटर ऐड मेकर व प्रचारक | 01 | (1) मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण।<br>अथवा बीबीए, बीएमएम या विज्ञापन में डिग्री को विशेष प्राथमिकता।<br>(2) किसी मान्यता प्राप्त संस्था से एक वर्षीय कम्प्यूटर कोर्स उत्तीर्ण व कौशल दक्षता में निपूर्ण हो।<br>(3) मोबाईल आधारित ऐप संचालन ज्ञान एवं तकनीकी कौशल व सॉफ्टवेयर ज्ञान – Canva, Adobe Photoshop, Video Editing Tools, AI, ChatGPT, Instagram, Facebook, Whatsapp, Youtube etc संचालन व निर्माण ज्ञान होना चाहिये। |
| | | 9 | इंग्लिस ट्रान्सलेटर | 01 | (1) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उत्तीर्ण हो।<br>(2) किसी मान्यता प्राप्त संस्था से एक वर्षीय कम्प्यूटर कोर्स उत्तीर्ण व कौशल दक्षता में निपूर्ण हो।<br>(3) अंग्रेजी और हिन्दी भाषा दोनों में मजबूत पकड़ (अनुवाद की क्षमता) हो।<br>(4) कार्यानुभवी को विशेष प्राथमिकता। |
| | | 10 | लेखापाल | 01 | (1) न्यूनतम योग्यता – किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से B.Com स्नातक की डिग्री उत्तीर्ण हो।<br>(2) किसी मान्यता प्राप्त संस्था से एक वर्षीय कम्प्यूटर कोर्स उत्तीर्ण व कौशल दक्षता में निपूर्ण हो। अकाउन्टिग कार्य, Tally, GST, MS Office सॉफ्टवेयर का ज्ञान व संचालन अनिवार्य है।<br>(3) अंग्रेजी और हिन्दी भाषा दोनों में मजबूत पकड़ (अनुवाद की क्षमता) हो। |
| | | 11 | कम्प्यूटर ऑपरेटर सह कलर्क | 10 | (1) मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण, <u>**अथवा**</u> पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय के स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण <u>**अथवा**</u> कक्षा 10वीं परीक्षा उत्तीर्ण एवं मान्यता प्राप्त संस्था से किसी भी विषय में त्रिवर्षीय डिप्लोमा। |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | (2) डाटा एन्ट्री ऑपरेटर/प्रोग्रामिंग में किसी मान्यता प्राप्त संस्था से एक वर्षीय डिप्लोमा।<br>(3) मान्यता प्राप्त मण्डल/संस्था अथवा छत्तीसगढ़ शीघ्रलेखन मुद्रलेखन परीक्षा परिषद् से (कम्प्यूटर एवं सॉफ्टवेयर के माध्यम से) हिन्दी एवं अंग्रेजी मुद्रलेखन गति 8,000 कीं (Key)डिप्रेशन प्रति घण्टा की गति (गति के संबंध में कौशल परीक्षा लीं जाएगीं) होनीं चाहिए।<br>(4) डाटा एन्ट्री ऑपरेटर/प्रोग्रामिंग कार्य अनुभव को विशेष प्राथमिकता। |
| | | 12 | ऑफिस लिपिक | 10 | (1) मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण, **<u>अथवा</u>** पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय के स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण **<u>अथवा</u>** कक्षा 10वीं परीक्षा उत्तीर्ण एवं मान्यता प्राप्त संस्था से किसी भी विषय में त्रिवर्षीय डिप्लोमा।<br>(2) डाटा एन्ट्री ऑपरेटर/प्रोग्रामिंग में किसी मान्यता प्राप्त संस्था से एक वर्षीय डिप्लोमा।<br>(3) मान्यता प्राप्त मण्डल/संस्था अथवा छत्तीसगढ़ शीघ्रलेखन मुद्रलेखन परीक्षा परिषद् से (कम्प्यूटर एवं सॉफ्टवेयर के माध्यम से) हिन्दी एवं अंग्रेजी मुद्रलेखन गति 5,000 की (Key) डिप्रेशन प्रति घण्टा की गति (गति के संबंध में कौशल परीक्षा लीं जाएगीं) का प्रमाण पत्र।<br>(4) लिपिकीय कार्य अनुभव को विशेष प्राथमिकता। |
| | | 13 | वाहन चालक | 01 | (1) किसी मान्यता प्राप्त मण्डल/संस्था से 8वीं कक्षा उत्तीर्ण ।<br>(2) वैद्य ड्राइविंग लाइसेन्स होना चाहिये।<br>(3) वाहन चालन कार्य करने का 1 से 3 वर्ष का अनुभवीं को विशेष प्राथमिकता। |
| | | 14 | टेलीफोन ऑपरेटर | 01 | (1) मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | (2) आवेदक को हिन्दी, अंग्रेजी और स्थानीय बोली बोलने में सक्षम होना चाहिए। इसके अतिरिक्त अच्छी मौखिक संचार कौशल और कम्प्यूटर का बुनियादी ज्ञान आवश्यक है।<br>(3) टेलीफोन ऑपरेटर कार्य अनुभवी को विशेष प्राथमिकता। |
| 15 | भृत्य सह ऑफिस असिस्टेन्ट | 05 | (1) किसी मान्यता प्राप्त मण्डल/संस्था से 8वीं कक्षा उत्तीर्ण।<br>(2) आवेदक को हिन्दी और स्थानीय बोली बोलने में सक्षम होना चाहिए।<br>(3) भृत्य पद पर कार्य अनुभव को विशेष प्राथमिकता। |
| 16 | सफाई कर्मी | 02 | किसी मान्यता प्राप्त मण्डल/संस्था से 8वीं कक्षा उत्तीर्ण । |

(ग) पात्र अभ्यर्थी को प्रतियोगिता परीक्षा/साक्षात्कार के लिए आमंत्रित की जावेगी। नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी द्वारा विज्ञापित पदों पर प्राप्त आवेदनों से पात्र आवेदनों की सूची तैयार की जावेगी। एक पद के विरूद्ध में तीन अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु बुलावा पत्र ई–मेल के माध्यम से प्रेषित किया जावेगा।

(घ) चयन प्रक्रिया के लिए कुल 170 अंक निर्धारित होगें। जिसमें शैक्षणिक योग्यता, उच्चतर शैक्षणिक योग्यता, कम्प्यूटर एवं मुद्रलेखन योग्यता और तकनीकी व कौशल परीक्षा, प्रतियोगिता परीक्षा एवं साक्षात्कार के लिए निर्धारित होगें।

(च) नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा ऑफर लेटर ई–मेल के माध्यम से चयनित अभ्यर्थी को निर्गत किया जावेगा।

(छ) चयनित अभ्यर्थी द्वारा 07 दिवस के अंदर लोटस पेटल कन्सल्टेन्ट एण्ड सर्विसेज प्रायवेट लिमिटेड रायपुर नियोक्ता के समक्ष कार्यालय में उपस्थित होकर, शपथ प्रमाण पत्र, स्वास्थ्य परीक्षण घोषणा पत्र, पुलिस वेरिफिकेशन फार्म, मेडिकल सर्टिफिकेट, अनुबंध फार्म इत्यादि चाही गई समस्त दस्तावेज कार्यालय में जमा करना होगा।

(ज) दस्तावेज निरीक्षण उपरान्त प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नियुक्ति आदेश जारी कर इमेल के माध्यम से चयनित पात्र आवेदक को प्रेषित की जावेगी।

(झ) चयनित आवेदक द्वारा 07 दिवस के भीतर अपनी उपस्थिति देनी होगी। उपस्थित नहीं होने पर यह मान लिया जावेगा की आवेदक पद धारण नहीं करना चाहता है और उनकी नियुक्ति पत्र स्वमेव निरस्त हो जावेगा।

(ट) चयनित अभ्यर्थियों को दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि में रखा जावेगा। प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कार्य संतोष जनक नहीं पाये जाने पर किसी भी समय परिवीक्षा अवधि समाप्त की जा सकेगी अथवा परिवीक्षा अवधि में वृद्धि की जा सकेगी।

(ठ) **अभ्यर्थी को चयन प्रक्रिया के दौरान बुलाये जाने का यह तात्पर्य नहीं होगा कि उनका चयन हो गया है।**

(ड) चयन हेतु अभ्यर्थी की पात्रता/अपात्रता के संबंध में अंतिम निर्णय लेने का अधिकार अध्यक्ष लोटस पेटल कन्सल्टेन्ट एण्ड सर्विसेज प्रायवेट लिमिटेड को

| | | |
|---|---|---|
| | | होगा।<br>(ढ) यह नियुक्तियां पूर्णतः अस्थायी है अतएव नियुक्ति की अनुबंधित शर्तो के अनुसार किसी भी समय सेवा समाप्त की जा सकेगी।<br>(त) आवेदक को लोटस पेटल कन्सल्टेन्ट एण्ड सर्विसेज प्रायवेट लिमिटेड के वेबसाईट में रिचार्ज जॉब सीकर पर पंजीकृत होना आवश्यक है।<br>(थ) आवेदक का आवेदन केवल ऑनलाईन के माध्यम से ही स्वीकार किया जावेगा।<br>(द) योग्य उम्मीद्वार प्राप्त नहीं होने पर रिक्त पद की पूर्ति हेतु पुनः विज्ञापन प्रसारित कर भर्ती हेतु आवेदन प्राप्त करने की कार्यवाही की जा सकेगी। |
| **07.** | **आवेदक हेतु अन्य निर्देश** | क) अपूर्ण/त्रुटिपूर्ण आवेदन को अस्वीकार कर दिया जावेगा एवं इस संबंध में उम्मीद्वारों को कोई सूचना नहीं दी जावेगी।<br>ख) कोई भी उम्मीद्वार जिसकी दो से अधिक जीवित संतान है, इनमें से एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात् हुआ हो, नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा। परन्तु कोई भी आवेदक जिसकी पहले से एक जीवित संतान है तथा आगामी प्रसव 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात् हो, जिसमें दो से अधिक संतान का जन्म होता है, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।<br>ग) आवेदक का रोजगार कार्यालय में पंजीयन हो।<br>घ) रिक्त पद, निर्धारित अर्हता, चयन प्रक्रिया तथा अन्य संबंधित जानकारी को लोटस पेटल कन्सल्टेन्ट एण्ड सर्विसेज प्रायवेट लिमिटेड की वेबसाईट **www.lotuspetalcs.com** पर उपलब्ध करायी जावेगी। आवेदक निरंतर अवलोकन करते रहें।<br>ड) आवेदक अपनी अर्हता की जांच स्वयं कर ले और अर्हता की समस्त शर्तो को पूरा करें। चयन प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर आवेदक को अयोग्य पाये जाने पर उनका आवेदन निरस्त कर उनकी उम्मीद्वारी समाप्त कर दी जावेगी, इसके लिए किसी भी प्रकार की पृथक से सूचना नहीं दी जावेगी।<br>च) विज्ञापन में तथ्यात्मक/लिपिकीय त्रुटि चयन के किसी भी स्तर में सुधारी जा सकती है, जिसकी विधिवत सूचना प्रायवेट लिमिटेड कंपनी की वेबसाईट **www.lotuspetalcs.com** में प्रकाशित होगी। ऐसे त्रुटि सुधार से चयन की प्रक्रिया अप्रभावित रहेगी। इसके संबंध में कोई भी अभ्यावेदन स्वीकार नहीं होगा।<br>छ) चयन के संबंध में प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नियुक्ति संबंधी निर्णय लिया जावेगा।<br>ज) यदि आवेदक एक से अधिक पदो हेतु आवेदन करना चाहता हो तो उन्हे प्रत्येक पद हेतु पृथक–पृथक ऑनलाईन आवेदन करना होगा।<br>ठ) किसी भी आवेदक द्वारा यदि गलत जानकारी प्रस्तुत की गई है अथवा आवेदन शुल्क जमा नहीं की गई है, तो चयन प्रक्रिया के समय अथवा चयन के पश्चात् किसी भी समय उसकी सेवा निरस्त की जा सकती है। |
| **08.** | **मूल दस्तावेज सत्यापन** | क) आवेदक को लोटस पेटल कन्सल्टेन्ट एण्ड सर्विसेज प्राय.लिमि. द्वारा निर्धारित बुलावा स्थल पर मूल दस्तावेजो का परीक्षण कराना अनिवार्य होगा। आवेदन के समय प्रस्तुत जानकारी एवं मूल दस्तावेजों में अंकित जानकारी मिलान होने पर ही आवेदक साक्षात्कार हेतु पात्र होगा। त्रुटिपूर्ण जानकारी/वांछित जानकारी प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में साक्षात्कार से वंचित किया जावेगा। इस संबंध में कोई भी अभ्यावेदन मान्य नहीं होगा। अभ्यर्थी साक्षात्कार तिथि को निम्नानुसार मूल दस्तावेजों के साथ दो सेट में स्व–प्रमाणित छायाप्रतियां तथा 01 पासपोर्ट साईज का नवीनतम रंगीन फोटोग्राफ भी प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे। |

| | | |
|---|---|---|
| | | एक) हाई स्कूल प्रमाण पत्र की छायाप्रति।<br>दो) आवेदन के साथ संलग्न शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्र एवं अन्य शैक्षणिक अंकसूची/ डिग्री की स्व–प्रमाणित छायाप्रति।<br>तीन)निवास एवं जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति।<br>चार) ऑनलाईन आवेदन फीस की छायाप्रति।<br>पाँच)फोटोयुक्त पहचान पत्र (आधार कार्ड, ड्रायविंग लाइसेन्स या कोई भी राजपत्रित अधिकारी द्वारा जारी पहचान कार्ड) तथा राशनकार्ड की छायाप्रति।<br>छः) साक्षात्कार में उपस्थिति के समय अभ्यर्थी को विज्ञापन पर ऑनलाईन किये गये आवेदन का छायाप्रति व सह–संलग्नक प्रस्तुत करना होगा।<br>ख) अन्य आवश्यक अभिलेख एवं छायाप्रतियां। |
| 09. | **आवेदन कैसे करें** | 1. लोटस पेटल कन्सल्टेन्ट एण्ड सर्विसेज प्रायवेट लिमिटेड भर्ती फार्म 2026 भरने के लिए सबसे पहले अधिकारिक वेबसाइट www.lotuspetalcs.com पर विजिट करें।<br>2. होम पेज पर कैरियर/जॉबस् ऑप्शन में ऑनलाईन ऐप्लीकेशन फार्म को ओपन करें।<br>3. ऑनलाईन ऐप्लीकेशन फार्म में चाही गई सभी जानकारी की प्रविष्टि करें एवं चाही गई दस्तावेज अपलोड करें।<br>4. अंत में निर्धारित फीस (जीएसटी सहित) जमा करके फार्म को Submit Payment Details पर क्लिक करें।<br>5. भविष्य में संदर्भ के लिए प्रिंट आउट (Download Receipt/Form (PDF)) निकालकर सुरक्षित रख ले। |
| 10. | **विशेष टीप** | 1.योग्य उम्मीदवार प्राप्त नहीं होने पर पद पूर्ति के लिए पुनः अथवा बोर्ड निर्णयानुसार आगामी/नियत तिथि को भर्ती हेतु आवेदन प्राप्त किये जाने की कार्यवाही की जा सकेगी।<br>2.पद की संख्या में कमी या वृद्धि या विलोपित करने का अधिकार लोटस पेटल कन्सल्टेन्ट एण्ड सर्विसेज प्रायवेट लिमिटेड को होगा। |

**सही/–**

**निदेशक**

**लोटस पेटल कन्सल्टेन्ट एण्ड सर्विसेज प्रायवेट लिमिटेड**